# उत्तराखण्ड डी.एल.एड. (D.EL.Ed)

## परीक्षा-2014

1. किस लवण के घुलने से जल स्थाई रूप से कठोर हो जाता है -
(A) सोडियम क्लोराइड (B) कैल्सियम बाइकार्बोनेट
(C) सोडियम कार्बोनेट (D) कैल्सियम क्लोराइड

2. रिक्टर स्केल में क्या नापा जाता है -
(A) वायु की गति (B) समुद्र की गहराई
(C) शरीर का तापमान (D) भूकम्प की तीव्रता

3. किन रोगों से रक्षा करने के लिए शिशुओं को डी.पी.टी. का टीका लगाया जाता है -
(A) डिफ्थीरिया, पोलियो तथा टिटनेस से
(B) डिफ्थीरिया, निमोनिया तथा तपेदिक से
(C) डिफ्थीरिया, चेचक तथा टिटनेस से
(D) डिफ्थीरिया, काली खाँसी तथा टिटनेस से

4. निम्न में से कौन प्रोटीन का समृद्ध स्रोत है -
(A) गेहूँ (B) चावल
(C) सोयाबीन (D) दही

5. सूर्यग्रहण के समय क्या सत्य है -
(A) चन्द्रमा, सूर्य एवं पृथ्वी के मध्य होता है।
(B) पृथ्वी, सूर्य एवं चन्द्रमा के मध्य होती है।
(C) सूर्य, पृथ्वी तथा चन्द्रमा के बीच होता है।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. साल, सागौन और आम कौन से वन के मुख्य वृक्ष हैं -
(A) पर्वतीय वन
(B) मानसूनी या पतझड़ वाले वन
(C) मरूस्थलीय वन (D) सदाबहार वन

7. निम्नलिखित संस्थाओं में से किससे महात्मा गांधी का सम्बन्ध नहीं था -
(A) साबरमती आश्रम (B) सेवाग्राम आश्रम
(C) फिनिक्स आश्रम (D) विश्वभारती

8. भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स की इकाई निम्न से किस शहर में स्थित है -
(A) दिल्ली (B) मुम्बई
(C) हरिद्वार (D) रांची

9. मानव शरीर का औसत तापमान है -
(A) 37 ºC (B) 40.5 ºC
(C) 40.5 ºC (D) 82.4 ºC

10. रेणी गांव (चमोली) की श्रीमती गौरादेवी का सम्बन्ध रहा है -
(A) बीज बचाओ आन्दोलन से
(B) मैती आन्दोलन से
(C) चिपको आन्दोलन से
(D) नशाबन्दी आन्दोलन से

11. निम्नलिखित देशों की उनकी मुद्राओं के साथ सुमेलित (Match) कीजिए -
(A) चीन 1. पाउण्ड
(B) फ्रांस 2. युआँन
(C) इंगलैंड 3. येन
(D) जापान 4. यूरो

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

12. शरीर में ऑक्सीजन की पूर्ति कौन करता है -
(A) प्लाज्मा (B) रक्त प्लेटलेट्स
(C) लाल रक्त कणिकाये (D)श्वेत रक्त कणिकाये

13. उत्तरखण्ड राज्य में महिलाओं के लिए सभी श्रेणी की सेवाओं में कितने प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया गया है -
(A) 5 प्रतिशत (B) 10 प्रतिशत
(C) 20 प्रतिशत (D) 30 प्रतिशत

14. विश्व में दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में भारत का स्थान है -
(A) प्रथम (B) द्वितीय
(C) तृतीय (D) चतुर्थ

15. किस स्थान से भागीरथी को गंगा के नाम से जाना जाता है -
(A) कर्णप्रयाग (B) रूद्रप्रयाग
(C) देवप्रयाग (D) विष्णुप्रयाग

16. 'इण्डियन वेटेरिनरी रिसर्च इन्स्टीट्यूट' (I.V.R.I.) उत्तराखण्ड में कहाँ स्थापित की गई है -
(A) कोसी-कटारमल (B) ऋषिकेश
(C) काशीपुर (D) मुक्तेश्वर

https://www.freshersnow.com/entrance-exams/

17. मद्रास के समीप कलपक्कम नामक स्थान पर निम्नलिखित में से किसकी स्थापना की गई है -

(A) लिग्नाइट का कारखाना (B) न्यूजप्रिंट का कारखाना

(C) नाभिकीय ऊर्जा केन्द्र (D) तेलशोधन सयंत्र

18. 'होमरूल' की स्थापना की थी-

(A) लाला हरदयाल ने (B) एनी बेसेंट ने

(C) बाल गंगाधर तिलक ने (D) गोपाल कृष्ण गोखले ने

19. नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 कब से लागू हुआ-

(A) 1 अप्रैल, 2010 (B) 1 अगस्त, 2010

(C) 1 अक्टूबर, 2010 (D) 1 दिसम्बर, 2010

20. 'मुद्राराक्षस' किस लेखक की कृति है -

(A) शुद्रक (B) विशाखदत्त

(C) बाणभट्ट (D) चाणक्य

21. द्वितीय हरित क्रान्ति का सम्बंध होगा -

(A) अधिक उपज देने वाले बीजों से

(B) गेंहूँ के उत्पादन से

(C) चावल के उत्पादन से

(D) जैव प्रौद्योगिकी के प्रयोग से

22. द्रोणाचार्य पुरस्कार दिया जाता है -

(A) उत्तम शिक्षकों को

(B) विख्यात खेल प्रशिक्षकों को

(C) उत्कृष्ट खिलाड़ियों को

(D) राष्ट्रीय तीरंदाजों को

23. 'अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस' मनाया जाता है -

(A)1 दिसम्बर को (B) 7 अप्रैल को

(C) 5 जून को (D) 8 सितम्बर को

24. 'त्रिरत्न' किस धर्म से सम्बन्धित है -

(A) जैन (B) बौद्ध

(C) सिक्ख (D) पारसी

25. उत्तराखंड के निम्न पर्वत शिखरों में सबसे ऊँचा है -

(A) त्रिशूल (B) दूनागिरी

(C) नन्दादेवी (D) कामेत

26. बिजली की चमक पहले दिखाई देती है और फिर उसकी आवाज सुनाई पड़ती है, क्योंकि -

(A) मनुष्य की देखने की शक्ति उसकी सुनने की शक्ति से तीव्र होती है।

(B) प्रकाश की किरणें ध्वनि तरंगे की अपेक्षा अधिक वेग से चलती हैं।

(C) बिजली की गरज बाद में निकलती है।

(D) गरज बिजली के साथ निकलती है, किन्तु जब चमक प्रेक्षक की आँख तक पहुँचती है, तब वह चलती है।

27. पंचायती राज के त्रिस्तरीय ढांचे में कौन शामिल नहीं है -

(A) जिला परिषद् (B) ग्राम सभा

(C) ग्राम पंचायत (D) पंचायत समिति

28. चन्द्रगुप्त मौर्य के बाद मौर्य साम्राज्य के शासक कौन बने -

(A) बिम्बसार (B) अशोक

(C) बिन्दुसार (D) विष्णुगुप्त

29. स्कन्द पुराण में गढ़वाल के लिए प्रयुक्त नाम है -

(A) केदारखण्ड (B) मानसखण्ड

(C) हिमवंत (D) इनमें से कोई नहीं

30. पेन ड्राइव है-

(A) एक स्थिर द्वितीय भण्डारण एकक

(B) एक चुम्बकीय द्वितीय भण्डकारण यसएकक

(C) एक हटाए जाने वाली द्वितीय भण्डारण एकक

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

31. निम्नलिखित में किसकी गति वायु में सबसे तीव्र है -

(A) हवाई जहाज (B) रॉकेट

(C) ध्वनि (D) प्रकाश

32. गायत्री मंत्र लिया गया है-

(A) उपनिषद् से (B) यजुर्वेद से

(C) ऋग्वेद से (D) आरयण्क से

33. भारत में सर्वाधिक प्राचीन पर्वत है -

(A) हिमालय (B) अरावली

(C) विन्ध्याचल (D) सतपुड़ा

34. सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लक्ष्य है -

(A) गरीबों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराना

(B) जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकना

(C) व्यापारियों द्वारा अधिक मूल्य लिए जाने से रोकना

(D) उपरोक्त सभी

35. 'तेजस' क्या है -

(A) भारत में निर्मित हल्का लड़ाकू विमान

(B) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल

(C) रिमोट चालित विमान

(D) सबसे तेज गति से उड़ने वाला वायुयान

36. 'सूरसागर' की रचना सूरदास ने किस भाषा में की -

(A) हिन्दी (B) संस्कृत

(C)अवधी (D)ब्रज

37. मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कौन करता है -

(A)प्रधानमंत्री (B)राष्ट्रपति

(C)राज्यपाल (D)मुख्य न्यायाधीश



https://www.freshersnow.com/entrance-exams/

38. 23 मार्च को किसके शहीद होने की याद में 'शहीद दिवस' मनाया जाता है -

(A) गणेश शंकर विद्यार्थी

(B) चन्द्रशेखर आजाद

(C) भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

39. गन्ना किस जलवायु की फसल है -

(A) उष्ण कटिबंधीय (B) उपोष्ण आर्द्र कटिबंधीय

(C) शीतोष्ण कटिबंधीय (D) उपोष्ण कटिबंधीय

40. भारत के इतिहास में 13 अप्रैल, 1919 प्रसिद्ध है -

(A) बंगाल के विभाजन के लिये

(B) पूना एक्ट के लिये

(C) मार्ले मिंटो सुधारों के प्रारम्भ के लिये

(D) जलियाँवाला बाग काण्ड के लिये

41. 'तेलंगाना' भारत का कौन सा राज्य बना -

(A) 27 वाँ (B) 28 वाँ

(C) 29 वाँ (D) 30 वाँ

42. सुमेलित (Match) कीजिए:

(A) हेमकुण्ड साहिब — 1. देहरादून

(B) पूर्णागिरी — 2. नैनीताल

(C) सरोवर नगरी — 3. चमोली

(D) झंडा मेला — 4. चपांवत

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 3 | 1 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

43. निम्न में से कौन सा भारत के लिये उपयुक्त वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत है -

(A) पवन ऊर्जा (B) सौर ऊर्जा

(C) परमाणु ऊर्जा (D) जैव ऊर्जा

44. शीतकालीन हिम क्रीड़ाओं का प्रमुख केन्द्र औली किस जिले में है -

(A) नैनीताल (B) उत्तराकाशी

(C) रूद्रप्रयाग (D) चमोली

45. बायोगैस का मुख्य अवयव है -

(A) अमोनिया (B) एथिलीन

(C) मीथेन (D) ईथेन

46. ATM का विस्तारित रूप हैं-

(A) Any Time Marketing

(B) Any Time Money

(C) Any Time Machine

(D) Automated Teller Machine

47. नर्मदा घाटी परियोजना के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन सा बांध गुजरात राज्य में निर्मित किया जा रहा है -

(A) सरदार सरोवर (B) नर्मदा सागर

(C) ओंकोरश्वर (D) महेश्वर

48. भारत गणराज्य कब बना -

(A) 26 नवम्बर, 1949 (B) 26 जनवरी, 1948

(C) 26 जनवरी, 1950 (D) 15 अगस्त, 1947

49. मिट्टी में नाइट्रोजन की कमी को कौन सी फसल पूरा कर सकती है -

(A) मटर (B) आलू

(C) गन्ना (D) गेहूँ

50. सती प्रथा को समाप्त कराने में किनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी -

(A) केशव चन्द्र सेन (B) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर

(C) राजा राममोहन राय (D) अरविन्द घोष

**नोट- प्रश्न संख्या 51 - 52 में दिए गए चार विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दिये गए शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है -**

51. 1. लकड़ी 2. किताब 3. कारखाना 4. कागज 5. छापना

(A) 1,3,4,5,2 (B) 2,5,1,3,2

(C) 3,1,4,5,2 (D) 4,2,3,1,5

52. 1. वर्ग 2. रेखा 3. कोण 4. त्रिभुज 5. बिन्दु

(A) 1,3,4,5,2 (B) 5,2,3,4,1

(C) 3,1,4,5,2 (D) 4,2,3,1,5

53. पिता की उम्र बड़े पुत्र की उम्र की दोगुनी है। 10 साल बाद पिता की उम्र छोटे पुत्र की उम्र की तीन गुनी हो जाएगी। यदि दोनों पुत्रों के बीच 15 वर्ष का अन्तर है, तो पिता की उम्र कितनी है -

(A) 50 वर्ष (B) 55 वर्ष

(C) 60 वर्ष (D) 70 वर्ष

54. राम ने एक बैंक से 600 का एक चैक भुनाया। बैंक ने उसे 10 और 5 के कुल 72 नोट दिये। बैंक द्वारा उसे 10 के कुल कितने नोट दिये गये-

(A) 24 (B) 36

(C) 48 (D) 52

55. पिता की आयु 60 वर्ष है पुत्र की आयु 30 वर्ष है। जब पिता की आयु पुत्र की आयु की तीन गुनी थी, उस समय पुत्र की आयु क्या थी-

(A) 12 वर्ष (B) 13 वर्ष

(C) 15 वर्ष (D) 20 वर्ष


56. निम्न में कौन सा शब्द, अंग्रेजी शब्दकोष में तीसरे स्थान पर आयेगा-

(A) Paralysis (B) Paralytic

(C) Paralyse (D) Parallelism


https://www.freshersnow.com/entrance-exams/

57. निम्नांकित आकृति में त्रिभुजों की कुल संख्या कितनी है -




(A) 6 (B) 8
(C) 10 (D) 12

58. निम्नांकित आकृति में कितने वर्ग हैं -



(A) 6 (B) 8
(C) 9 (D) 12

59. चित्र में कितने घन हैं -



(A) 6 (B) 10
(C) 12 (D) 18

60. मैं एक नदी के किनारे पीठ करके खड़ा हूँ। पानी में स्वतन्त्र रूप से बहती हुई कोई वस्तु मेरी बाएँ ओर से दाएँ ओर जा रही है। नदी पश्चिम से पूरब की ओर बह रही है, तो मेरा मुँह किस ओर है -

(A) उत्तर (B) दक्षिण
(C) पूरब (D) पश्चिम

61. रमा 20 मीटर पश्चिम की तरफ जाती है, फिर अपनी दाहिनी तरफ मुड़कर 20 मीटर जाती है, तब अपनी बाई तरफ मुड़कर 15 मीटर चलती है। पुन: बाएँ मुड़कर 20 मीटर चलती हैं। उसकी प्रथम और अन्तिम स्थिति के बीच की न्यूनतम दूरी क्या हैं -

(A) 20 मीटर (B) 35 मीटर
(C) 45 मीटर (D) 40 मीटर

62. एक घड़ी में 4 बजकर 30 मिनट हुए हैं। यदि इस समय मिनट की सुई पूर्व की ओर हो तो घण्टे की सुई किस ओर होगी -

(A) उत्तर (B) दक्षिण - पूर्व
(C) उत्तर-पूर्व (D) दक्षिण - पश्चिम

63. यदि 16 मार्च को रविवार था तो उस माह में कितने शनिवार और सोमवार हैं -


(A) 4 शनिवार और 4 सोमवार
(B) 4 शनिवार और 5 सोमवार
(C) 5 शनिवार और 4 सोमवार
(D) 5 शनिवार और 5 सोमवार

64. यदि किसी मास का पहला दिन सोमवार हो तो तीसेर शनिवार के बाद के दिन कौन सी तारीख होगी -

(A) 22 (B) 14
(C) 28 (D) 21


**नोट- प्रश्न संख्या 65 से 67 में दिये गये विकलपों में से प्रश्नवाचक चिहन (?) के स्थान पर उचित संख्या का चुनाव कीजिए:**

65.





(A) 80 (B) 120
(C) 75 (D) 100

66.





(A) 6 (B) 1
(C) 2 (D) 0

67.





(A) 33 (B) 145
(C) 135 (D) 18

68. नीचे एक पासे की दो स्थितियों को दर्शाया गया हैं। उन्हें देखकर बताएँ कि 3 के विपरीत सतह पर कौन-सा अंक होगा -




(A) 4 (B) 5
(C) 6 (D) 1


69. निम्न दर्शाये गये पासे की स्थिति को देखकर बताएँ कि 'नीला' रंग सतह पर कौन-सा रंग दिखाई देगा -




(A) बैंगनी (B) गुलाबी
(C) लाल (D) पीला


70. उस उत्तर आकृति को चुनिये जिसमें प्रश्न आकृति निहित हैं -






(A) (B) (C) (D)


71. कौन सी उत्तर आकृति, दी गयी प्रश्न आकृति के पैटर्न को पूरा करेगी







(A) (B) (C) (D)


**निर्देश- प्रश्न संख्या 72 से 74 में बॉये पक्ष में चतुर्थ स्थान रिक्त है। दाहिनी पक्ष में दी गई आकृतियों में से जो रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए तर्कसंगत प्रतीत हो, उसका क्रम अपने उत्तर पत्रक में दर्शाईये।**

72. 





(A) (B) (C) (D)

73. 



(A) (B) (C) (D)

74. 



(A) (B) (C) (D)

75. उस बड़े से बड़े बर्तन की धारिता क्या होगी जो 15 लीटर दूध और 25 लीटर दूध को पूरा-पूरा नाप सके -

(A) 5 लीटर (B) 7 लीटर

(C) 1 लीटर (D) ½ लीटर

76. संख्या श्रृंखला 3,5,9,15,23,33,45 ? में प्रश्नवाचक चिहन ( ? ) के स्थान पर कौन सी संख्या होगी -

(A) 59 (B) 61

(C) 63 (D) 65

77. निम्न श्रेणी का अगला पद क्या होगा- 19,2,28,3,114,4,...........

(A) 22 (B) 256

(C) 352 (D) 456

78. 325, 259,204,160,......... इस श्रेणी में दी गई संख्याओं के आधार पर खाली स्थान पर निम्न में से कौनसी संख्या आएगी -

(A) 127 (B) 126

(C) 125 (D) 124

79. संख्या श्रेणी 2,9,39,161........... का अगला पद होगा -

(A) 337 (B) 649

(C) 651 (D) 1295

80. संख्या श्रेणी 1,5,13,29,61, .................... का अगला पद होगा -

(A) 125 (B) 120

(C) 115 (D) 100

**नोट - प्रश्न संख्या 81 से 84 में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के लिये उचित अक्षर या अक्षर समूह बताइये -**

81. CFILO ?

(A) P (B) Q

(C) R (D) S

82. ABZ, BCY, CDX, DEW, ?

(A) EGV (B) EFV

(C) EFX (D) EFU

83. AGLP ?U

(A) Q (B) R

(C) S (D) T

84. OTE, PUF, QVG, RWH, ?

(A) SYJ (B) TXI

(C) SXJ (D) SXI

85. जो सम्बंध न्यायालय का न्याय से है विद्यालय का........ से है।

(A) छात्र (B) शिक्षा

(C) शिक्षक (D) कक्षा

86. जो सम्बंध 'दीवार' का 'ईट' से है वही सम्बन्ध 'किताब' का ...... से है -

(A) प्रकाशक (B) छपाई

(C) जिल्द (D) पृष्ठ

87. जो सम्बंध फूल का कली से है वही सम्बन्ध फल का ......... से है -

(A) बीज (B) पेड़

(C) फूल (D) तना

**नोट- प्रश्न संख्या 88 व 89 में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर नीच दिये गये विकल्पों में से सही विकल्प चुनिये।**

88. PASS : QBTT::FAIL: ?

(A) GJBM (B) GBJM

(C) MBJG (D) MJBG

89. MO : 1315 : : HJ : ?

(A) 108 (B) 1816

(C) 810 (D) 1618

90. एक व्यक्ति किसी लड़की के साथ जा रहा था। किसी न उस व्यक्ति का लड़की से सम्बंध पूछा, तो उस व्यक्ति ने कहा कि मेरे चाचा, इस लड़की के चाचा के चाचा हैं। उस व्यक्ति का लड़की के साथ क्या सम्बंध है -

(A) पिता-पुत्री (B) मामा-भानजी

(C) भाई-बहन (D) बहनोई-साली

91. B एवं C का भाई A है। C की माँ D है। A के पिता E हैं तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन निश्चित रूप से सही नहीं होगा-

(A) E का पुत्र B है
(B) B का पिता E है
(C) D का पति E है
(D) D का पुत्र A है

92. निम्नलिखित शब्द - युग्मों में उस युग्म का चुनिए जो अन्य तीन युग्मों से भिन्न है-

(A) घोड़ा - अस्तबल (B) मनुष्य - घर
(C) शेर - जंगल (D) चिड़िया - घोंसला

93. निम्नलिखित शब्दों में से असंगत या विजातीय शब्द का चयन कीजिए

(A) क्रिकेट (B) हॉकी
(C) बैडमिंटन (D) फुटबॉल

94. किसी गुप्त भाषा में यदि BANGLORE को 413517832 लिखा जाये तो उसी गुप्त भाषा में GBARANORE को लिखा जायेगा

(A) 541328321 (B) 541313832
(C) 541328212 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

95. किन चिहनों को परस्पर अदल-बदल करने से निम्नलिखित समीकरण सही हो जायेगा : $35+7\times5\div5-6=24$

(A) × और - (B) + और ×
(C) ÷ और + (D) -और ÷

96. यदि WIND को DRMW लिखा जाए ताs EVZO को निम्न में से किस प्रकार लिखा जाएगा-

(A) POIL (B) VEAL
(C) YUIO (D) KJHG

97. यदि कोड भाषा में BRIDGE को EULGJH लिखा जाता है तो FRUIT को लिखेंगे -

(A) IUXLW (B) IULXW
(C) IUWXL (D) IUXVT

98. दिये गये विकल्पों में से उस शब्द को चुनिये जो POSTMASTER शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता -

(A) POSTER (B) TOASTER
(C) STOP (D) PAPER


99. अर्चना, सुषमा से बड़ी है। भारती, अर्चना से बड़ी है पर दुर्गा से छोटी है। दुर्गा, सुषमा से बड़ी है। सुषमा, भारती से छोटी है एवं गीता सबसे बड़ी है तो बताओ कि सबसे छोटी कौन है -

(A) अर्चना (B) सुषमा
(C) भारती (D) दुर्गा

100. लड़कों की एक कतार में प्रमोद दाई ओर से 12 वें तथा सुबोध उसी कतार में बाई ओर से 15 वें स्थान पर है। यदि आपस में वे अपना स्थान बदल लेते हैं तो सुबोध बाई ओर से 17 वें स्थान पर आ जाता है। प्रमोद और सुबोध के बीच कितने लड़के हैं-

(A) 0 (B) 1
(C) 2 (D) 4

101. चित्र में $\angle ABC$ की माप है -




(A) 80° (B) 60°
(C) 20° (D) 40°

102. संख्याएँ $3.75\times10^{-7}$, $3\frac{3}{4}\times10^{-7}$, $375\times100^{-9}$ और $\frac{3}{8}\times10^{-7}$ दी गई हैं। इनमें सेकौन-सी संख्या 10.000000375 के बराबर नहीं है

(A) $\frac{3}{8}\times10^{-7}$ (B) $3.75\times10^{-7}$
(C) $3\frac{3}{4}\times10^{-7}$ (D) $375\times10^{-9}$

103. $\sqrt{4+\sqrt{44+\sqrt{10000}}}$ का मान होगा -

(A) 2 (B) 4
(C) 10 (D) 16

104. एक घड़ी में ठीक 8 बजे हैं तो घंटे व मिनट की सुईयों के मध्य कोण होगा -

(A) 120° (B) 90°
(C) 60° (D) 30°

105. किसी संख्या का 25%, उसी संख्या के 30% से 15 कम है तो वह संख्या है।

(A) 75 (B) 90
(C) 150 (D) 300

106. एक विद्यार्थी को उत्तीर्ण होने के लिए 50% अंक चाहिए। वह 50 अंक पाता है एवं 50 से फेल हो जाता है। अधिकतम अंक (पूर्णांक) कितना है -

(A) 200 (B) 120
(C) 150 (D) 180

107. यदि एक 700 मीटर लम्बी रेलगाड़ी 72 किमी/घण्टा की चाल से दौड़ती हुई एक सुरंग को 1 मिनट में पार कर लेती है, तो सुरंग की लम्बाई है-

(A) 700 मीटर (B) 600 मीटर
(C) 550 मीटर (D) 500 मीटर

https://www.freshersnow.com/entrance-exams/

108. एक वर्गाकार आधार वाले पिरामिड की कितनी भुजायें होती हैं -

(A) 12 (B) 8

(C) 6 (D) 4

109. $(0.000343)^{\frac{1}{}}$ का मान है -

(A) 7/100 (B) 100/7

(C) 7/10 (D) 10/7

110. प्रेक्षणों 6,6,9,14,8,9,9,8 का मध्यांक (माध्यिका) है -

(A) 10.5 (B) 8.5

(C) 8.8 (D) 10.3

111. एक वृत्ताकार मैदान की परिधि 35.2 मीटर है। मैदान का व्यास होगा-

(A) 17.6 मीटर (B) 5.6 मीटर

(C) 14 मीटर (D) 11.2 मीटर

112. $\sqrt{b=4a}$ $\sqrt[3]{3}$ तथा $\sqrt[4]{4}$ में से सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है -

(A) $\sqrt[4]{4}$ (B) $\sqrt{b=4a}$

(C) $\sqrt[3]{3}$ (D) सभी बराबर हैं

113. एक हौज 9 घण्टे में भरता है, परन्तु इसकी तली में एक छेद होने से यह एक घण्टा अधिक लेता है। यदि हौज पूरा भरा हो, तो यह छेद कितनी देर में हौज खाली कर देगा -

(A) 30 घण्टे (B) 90 घण्टे


(C) 45 घण्टे (D) 60 घण्टे

114. यदि $\sqrt{1+\frac{x}{144}} = \frac{13}{12}$ तो x का मान है -

(A) 25 (B) 1

(C) 13 (D) 27

115. आकृति में , ABC एक त्रिभुज है। ∠ABC की माप है -




(A) 72° (B) 80°

(C) 57° (D) 61°

116. वह संख्या, जो पूर्ण वर्ग हो तथा 10,12,15 और 18 से भी विभाज्य हो, है-

(A) 900 (B) 600

(C) 2500 (D) 360

117. एक चुनाव में खड़े दो उम्मीदवारों में से एक उम्मीदवार को कुल वोटों का 41% मिला। दूसरे उम्मीदवार ने उसे 270 वोटों से हराया, तो कुल पड़े वोटों की संख्या है -

(A) 1450 (B) 1500

(C) 1320 (D) 1200

118. यदि मध्यावकाश के बाद कक्षाएं एक बजे प्रारम्भ होती हैं और सायं 3 बजकर 52 मिनट पर समाप्त होती है। चार कालांश (वादन) होते हैं। कक्षा परिवर्तन हेतु 4 मिनट का समय दिया जाता हैं। हर कालांश की वास्तविक अवधि होगी -

(A) 39 मिनट (B) 42 मिनट

(C) 40 मिनट (D) 60 मिनट

119. किसी संख्या का 30% दूसरी संख्या में जोड़ा जाए तो दूसरी संख्या स्वयं की $\frac{15}{b}$ हो जाती है। पहली संख्या तथा दूसरी संख्या का अनुपात होगा -

(A) 5:1 (B) 5:6

(C) 7:6 (D) 6:7

120. कोई व्यक्ति किसी वस्तु को रू.100 में बेचकर रू.10 लाभ प्राप्त करता है। लाभ का प्रतिशत होगा-

(A) 9% (B) 10%

(C) $11\frac{1}{9}$% (D) इनमें से कोई नहीं

121. यदि $\sqrt{b=4a}$ तो $\frac{a^2}{b}$ का मान होगा -

(A) 1/16 (B) 1/4

(C) 1/8 (D) इनमें से कोई नहीं

122. संख्याओं −20, $-\frac{3}{4}$, $\frac{1}{2}$, 10 में से कौन-सी संख्या अपने वर्ग से बड़ी है -

(A) 10 (B) −20

(C) 1/2 (D) −3/4

123. कोई धन साधारण ब्याज की दर से 10 वर्ष में दोगुना हो जाता है। बताइए 30 वर्ष में वह कितने गुना हो जायेगा -

(A) 3 (B) 4

(C) 8 (D) 12

124. $\frac{5(x-1)-2(2+x)}{1-x} = 3$ में $x$ का मान होगा -

(A) 2 (B) 3

(C) 5 (D) 7

125. एक कक्षा के 32 छात्रों का औसत भार 30.5 किग्रा है। यदि अध्यापक का भार भी शामिल कर लिया जाये तो औसत भार में 500 ग्राम की वृद्धि होती है। अध्यापक का भार होगा -

(A) 48 किग्रा (B) 47 किग्रा

(C) 46 किग्रा (D) 45 किग्रा

126. यदि किसी संख्या के $\frac{1}{2}$ भाग, $\frac{1}{3}$ भाग तथा $\frac{1}{4}$ भाग का योग, संख्या से 4 अधिक है, तो संख्या क्या है -

(A) 36 (B) 72

(C) 24 (D) 48

https://www.freshersnow.com/entrance-exams/

127. 96 मीटर लम्बे एक वर्गाकार प्लॉट के बदले हरीश उतने ही क्षेत्रफल वाला एक आयाताकार प्लॉट खरीदना चाहता है। यदि आयताकार प्लॉट की लम्बाई 144 मीटर हो, तो चौड़ाई ज्ञात कीजिए -

(A) 100 मीटर (B) 49 मीटर

(C) 64 मीटर (D) 62 मीटर

128. दो धनात्मक संख्याओं का योगफल 63 है। यदि उनमें से एक संख्या x, दूसरी संख्या की दुगुनी हो, तब समीकरण है -

(A) $\frac{x-63}{x}=2$ (B) $\frac{x}{63-x}=2$

(C) $\frac{x}{x-63}=2$ (D) $\frac{63-x}{x}=2$

129. 5 सप्ताह और 12 दिन में कितने घण्टे होते हैं -

(A) 1128 घण्टे (B) 1118 घण्टे

(C) 1218 घण्टे (D) 2118 घण्टे

130. अशोक के बाग का परिमाप 40 मीटर है। यदि बाग की चौड़ाई उसकी लम्बाई की $\frac{2}{3}$ है तो बाग की लम्बाई होगी -

(A) 8 मीटर (B) 12 मीटर

(C) 14 मीटर (D) 16 मीटर

131. 7 का वह छोटे से छोटा गुणज क्या है जिसे 4,12 या 16 भाग देने पर शेष 3 बचे -

(A) 49 (B) 144

(C) 147 (D) 51

132. एक फलों की बड़ी टक्कर में 3 संतरे, 2 सेब और 5 केले हैं। इनमें से यदि एक फल का यादृच्छिक रूप से चयन किया जाता है, तो इसके एक संतरे या एक केले होने की प्रायिकता क्या होगी-

(A) $\frac{1}{5}$ (B) $\frac{4}{5}$

(C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{7}{8}$

133. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ का मान होगा -

(A) 2 (B) $\frac{1}{2}$

(C) 3/8 (D) 3/2

134. एक कक्षा के 15 लड़कों की औसत आयु 11 वर्ष है। यदि 9 वर्ष के 5 लड़के कक्षा में और सम्मिलित हो जाएं, तो अब उनकी औसत आयु होगी-

(A) 20 वर्ष (B) 10 वर्ष

(C) 10.5 वर्ष (D) 10.33 वर्ष

135. $1-27\,p^3$ का मान होगा-

(A) $(1-3p)\ (1+9p^2+30p)$

(B) $(1+3p^2)\ (1+9p+30p)$

(C) (1-3p) (1+9p2-30p)

(D) (1+3p) (1-9p2)

136. कोई रेलगाड़ी एक खम्भे को 15 सेकण्ड में और 100 मीटर लम्बे एक प्लेटफार्म को 25 सेकण्ड में पार करती है। रेलगाड़ी की लम्बाई है -

(A) 200 मीटर (B) 150 मीटर

(C) 50 मीटर (D) 70 मीटर

137. निम्न में सही संबध है -


(A) 1 किलोमीटर = 100 डेकामीटर

(B) 1 हैक्टोमीटर = 10 किलोमीटर

(C) 1 डेकामीटर = 100 मीटर

(D) 1 डेसीमीटर = 10 मिलीमीटर


138. निम्न चित्र से समुच्चय (B-A) का मान होगा-




(A) {e,f} (B) {a}

(C) {a,e} (D) {b,c,d}

139. दिये गये वृत्त में O वृत्त का केन्द्र है। यदि OM = 4 सेमी, त्रिज्या OA = 5 सेमी तथा OM ⊥ AB हो तो जीवा AB का मान होगा




(A) 10 सेमी (B) 8 सेमी

(C) 6 सेमी (D) 3 सेमी

140. किसी त्रिभुज के कोण 2:3:5 के अनुपात में है तो प्रत्येक कोण का माप होगी -

(A) 36°,54°,90° (B) 30°,60°,90°

(C) 34°,51°,85° (D) इनमे से कोई नही

141. श्याम ने एक पुरानी साइकिल 136 में बेचकर 15% हानि पाई। वह उसे कितने में बेचता कि उसे 15% होता -

(A) 194 (B) 184

(C) 215 (D) 224

142. यदि 8 व्यक्ति किसी काम को 10 दिन में समाप्त करते हैं तो 10 व्यक्ति उसी काम को कितने दिन में समाप्त करेंगे -

(A) 8 दिन (B) 12 दिन

(C) 12½ दिन में (D) 6 दिन में

https://www.freshersnow.com/entrance-exams/

143. एक सम्पत्ति X,Y,Z के बीच बाँटी जाती है। X और Y मिलकर रू. 7400 पाते हैं। Y और Z मिलकर 9500 पाते हैं और Z तथा X मिलकर 8500 पाते हैं, तो Y का हिस्सा कितना होगा -

(A) 3200 (B) 4200

(C) 5300 (D) 6300

144. 270 तथा 405 के लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) तथा महत्तम समापवर्तक (HCF) का अनुपात ज्ञात कीजिए -

(A) 6:1 (B) 2:3

(C) 3:2 (D) 1:6

145. राम और गोपाल के पैसों का अनुपात 7:17 है तथा गोपाल और कृष्ण के पैसों का अनुपात भी 7:17 है। यदि राम के पास 490 हैं तो कृष्ण के पास होंगे -

(A) 1190 (B) 2330

(C) 2890 (D) 2680

146. 1000 का 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कितने वर्ष में मिश्रधन रू.1210 होगा -

(A) 1 वर्ष (B) 2 वर्ष

(C) 3 वर्ष (D) 2.5 वर्ष

147. यदि X={1,2,3,4}, Y = {3,4,5,6} Z = {5,6,7,8} तब $X \cup Y \cup Z$ बराबर होगा -

(A) {1,2,3,4,5,6} (B) {2,4,6,8}

(C) {1,2,3,4,5,6,7,8} (D) {1,3,5,7}

148. 'm' और 'n' दो धनपूर्णांक है। यदि $m^n = 25$ तो $n^m$ का मान है-

(A) 4 (B) 10

(C) 25 (D) 32

149. यदि x+y=10 और xy = 21 हो तो $x^3+y^3$ का मान होगा -

(A) 730 (B) 370

(C) 307 (D) 373

150. $6^{3/5} \times 6^{3/5}$ का मान होगा -

(A) $6^{2/5}$ (B) 1

(C) 6 (D) इनमें से कोई नहीं

151. अगर आपकी कक्षा के छात्र किसी विषय में रूचि नहीं ले रहे हों तो आप -

(A) कक्षा छोड़कर चले जायेंगे

(B) उन्हें उस विषय से सम्बन्धित कोई रोचक कार्य देंगे

(C) उन्हें कहानी सुनाने लगेंगे

(D) उन्हें दंडित करेंगे

152. विद्यार्थियों को प्रदान किया गया शिक्षण प्रभावी हो सकता है, यदि-

(A) अध्यापक को विषय का गहन ज्ञान हो

(B) बालाकों की विषय में रूचि हो

(C) एक ही विषय-वस्तु को कई बार दोहराया जाए

(D) बालकों के मानसिक स्तर के अनुरूप शिक्षा दी जाए

153. बालाकों के माता-पिता से व्यक्तिगत सम्पर्क शिक्षण के लिए आवश्यक है-

(A) माता-पिता से मित्रता करने के लिए

(B) बालकों की समस्याओं को हल करने के लिए

(C) उनका आर्थिक स्तर जानने के लिए

(D) विद्यालय के कार्यो में सहयोग लेने के लिए

154. क्रियात्मक अनुसंधान का सम्बन्ध होता है -

(A) ऐतिहासिक तथ्यों से

(B) तात्कालिक व्यवहारिक समस्याओं से

(C) नये सत्य की खोज से

(D) उपरोक्त सभी से

155. प्रारम्भिक शिक्षा की सबसे बड़ी समस्या क्या है

(A) प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण किये बिना बालकों द्वारा विद्यालय छोड़ जाना

(B) अध्यापकों का प्रशिक्षित न होना

(C) पर्याप्त दृश्य-श्रव्य सामग्री का अभाव

(D) बालाकों का शिक्षा ग्रहण करने के योग्य न होना

156. एक शिक्षक जो अपनी कक्षा में उत्तम वातावरण तैयार करना चाहता है, उसे निम्नलिखित कार्य करना चाहिए -

(A) उसे कठोर अनुशासन सिद्धान्तों का अनुसरण करन चाहिए

(B) उसे छात्रों को चुनौतीपूर्ण नवीन अनुभव प्रदान करने चाहिए

(C) उसे छात्रों को निरन्तर मौखिक एवं वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं में व्यस्त रखना चाहिए

(D) उसे कठोर नियमों की स्थापना बिना किसी भेदभाव के करनी चाहिए

157. कक्षा में पढ़ाई के समय दो छात्र आपस में बातें करते हैं। आपके ख्याल से उनके इस कार्य से -

(A) उन दिनों की हानि होती है

(B) सारी कक्षा को हानि होती है

(C) अध्यापक का ध्यान बँटता है

(D) उपर्युक्त सभी

158. कक्षा में किसी छात्र द्वारा दिए गए गलत उत्तर को सुनकर अन्य छात्र हँस पड़ते है। ऐसी अवस्था में -

(A) हँसने वाले छात्रों को रोकना चाहिए और उन्हें बताना चाहिए कि कभी-कभी से गलती होती है

(B) इस घटना की अनदेखी करके पढ़ाई जारी रखनी चाहिए

(C) हँसने वाले छात्रों को चेतावनी देनी चाहए कि आइन्दा ऐसी हरकत करेंगे तो पिटेंगे

(D) हँसने वाले छात्रों को कक्षा से बाहर निकाल देना चाहिए

https://www.freshersnow.com/entrance-exams/

159. आप कक्षा में छात्रों के सामने एक प्रश्न रखते हैं। आप देखते है कि कक्षा के अधिकांश छात्र उस प्रश्न का उत्तर देने के लिए अति आतुरता से हाथ उठा रहे हैं। ऐसी स्थिति में -

(A) आप छात्रों की इतनी अधिक आतुरता पर नाराज होंगे

(B) आप उनकी आतुरता को शुभ लक्षण मानेंगे

(C) आपको यह नोट करने का अवसर मिलेगा कि कौन-कौन से छात्र ऐसे हैं जो उत्तर देने के लिए हाथ नहीं उठा रहे हैं।

(D) B और C दोनों

160. आप की कक्षा में कुछ छात्र बहुत तीव्र बुद्धि वाले हैं। कक्षा में पढ़ाई जाने वाली सामग्री में उन्हें कोई चुनौती जैसी बात नहीं मिलती। ऐसे छात्रों के सम्बन्ध में आप क्या करना चाहेंगे -

(A) उनसे कह देंगे कि वे अपनी इच्छा के अनुसार कक्षा में आएँ या न आएँ

(B) प्रधानाध्यापक से कहेंगे कि उन छात्रों को अगली कक्षा में पढ़ाया जाए

(C) उन छात्रों को विशेष कार्य देंगे जो सामान्य कक्षा के छात्रों को दिए जाने वाले कार्य से मुश्किल हो

(D) उनसे कह देंगे कि वे अपना अधिकांश समय पुस्तकालय में व्यतीत करें

161. एक सफल अध्यापक का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कार्य होता है -

(A) परीक्षा उत्तीर्ण करने में बालाकों की सहायता करना

(B) अच्छा खिलाड़ी बनने हेतु बालकों की सहायता करना

(C) बालकों में चिन्तन योग्यताओं का विकास करना

(D) बालकों में पुस्तकों के प्रति प्रेम पैदा करना

162. कक्षा-शिक्षण में विद्यार्थी तब तक ध्यान केंद्रित नहीं करेंगे, जब तक-

(A) उनमें जिज्ञासा पैदा नहीं की जाएगी

(B) उनमें कड़ा अनुशासन नहीं होगा

(C) उनसे प्रश्न नहीं पूछे जाएँगे

(D) श्यामपट का प्रयोग नहीं किया जाएगा

163. गांधी जी की बुनियादी शिक्षा योजना, दूसरे किस नाम से विख्यात हुई-

(A) वर्धा शिक्षा योजना (B) प्रारंभिक शिक्षा योजना

(C) साबरमती शिक्षा योजना (D) उपरोक्त सभी

164. छोटे बच्चों को कोई विषय-वस्तु याद कराने का आप सबसे अच्छा उपाय क्या समझते हैं -

(A) मन ही मन समझ लेना (B) ध्यान से याद करना

(C) बार-बार दोहराकर याद करना (D) दिमाग में बैठा लेना

165. 'ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड' उस अभियान का सांकेतिक नाम है जो -

(A)प्राथमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध करवाता है

(B) श्यामपट्ट की सुविधा उपलब्ध करवाता है

(C) शिक्षकों द्वारा श्यामपट्ट के सही प्रयोग हेतु प्रशिक्षण प्रदान करता है

(D) प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्रदान करवाता है

166. आप देखते हैं कि कक्षा-शिक्षण के दौरान कोई छात्र पढ़ाई की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। आप ऐसी स्थिति में क्या करेंगे -

(A) उस छात्र को डाँटेंगे

(B) उसे चेतावनी देने के बाद कक्षा के बाहर निकाल देंगे

(C) पढ़ाते समय उससे प्रश्न पूछते रहेंगे ताकि उसका ध्यान पढ़ाई में लगा रहे

(D) उसको स्पष्ट बता देंगे कि या तो वह ध्यान दे या कक्षा से बाहर चला जाए

167. जब अध्यापक अपनी कक्षा के छात्रों के लिए शिक्षण योजना तैयार करता है, तो उसे छात्रों की -

(A) आयु को ध्यान में रखना होता है

(B) बौद्धिक आयु को ध्यान में रखना होता है

(C) आर्थिक पर्यावरण को ध्यान में रखना होता है

(D) नए अनुभवों को ध्यान में रखना होता है

168. शिक्षा के क्षेत्र में ली जाने वाली परीक्षा से हम जान सकते हैं कि-

(A) विद्यार्थी कितना बुद्धिमान हैं

(B) अध्यापक द्वारा पढ़ाया गया कार्य विद्यार्थी किस प्रकार प्रस्तुत करता है

(C) विद्यार्थी पूरे वर्ष में किए कार्य का कितना भाग याद कर सकता है

(D) विद्यार्थी को शैक्षिक विकास सही दिशा में हो रहा या नहीं

169. शिक्षक को अपने छात्रों का नाम जानना चाहिए। इसका मुख्य लाभ यह है कि -

(A) छात्र गलत कार्य करने से डरेंगे

(B) छात्र अनुशासित रहेंगे

(C) छात्रों के साथ शिक्षक का सम्बन्ध बढ़ेगा

(D) उपर्युक्त सभी

170. अध्यापक का प्रमुख गुण है -

(A) अध्यापन में निपुणता

(B) भाषण कला में सिद्धहस्तता

(C) अनुशासनप्रियता

(D) व्यवहारकुशलता

171. खेल-विधि का सही अर्थ है -

(A) बालकों की मनोरंजन की इच्छा की पूर्ति मात्र

(B) बालकों को खेल की पूर्ण स्वाधीनता मात्र

(C) बालकों की खेल प्रवृत्ति को संतुष्ट करते हुए लाभप्रद शैक्षिक परिणाम निकालना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

172. अशुद्ध उच्चारण सुधारा जा सकता है -

(A) पुनरावृत्ति द्वारा

(B) समानता वाले शब्दों का उच्चारण कराकर

(C) शब्दों को खण्डों में बाँटकर

(D) उपरोक्त सभी

173. आप अपने विद्यार्थियों में स्व-अनुशासन का गुण कैसे विकसित करेंगे-

(A) उत्तरदायित्वों को सौंपकर

(B) आचरण संबंधी नियम की जानकारी देकर

(C) दण्ड देकर

(D) नियमों का पालन कराकर

174. सामूहिक खेलों से छात्र को कौन-सा लाभ होता है -

(A) उत्तरदायित्व निभाने के गुण का विकास

(B) नियम पालन का अभ्यास

(C) मिल कर कार्य करने की ट्रेनिंग

(D) उपर्युक्त सभी

https://www.freshersnow.com/entrance-exams/

175. बालक के सामाजिक व्यवहार के विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है -

(A) माँ की (B) विद्यालय की

(C) अध्यापक की (D) परिवार की

176. कक्षा-शिक्षण में छात्रों की रूचि बनाए रखने के लिए अध्यापक को क्या करना चाहिए-

(A) श्यामपट्ट का अधिकाधिक प्रयोग

(B) यथार्थ जीवन के उदाहरणों का भरपूर प्रयोग

(C) शिक्षण-सामग्री का खूब प्रयोग

(D) छात्रों को चर्चा का भरपूर अवसर देना

177. अध्यापक का लक्ष्य है -

(A) परीक्षा में छात्रों को पास कराना

(B) छात्रों को अनुशासनप्रिय बनाना

(C) छात्रों की प्रतिभा का विकास करना

(D) छात्रों में सामाजिक भावना पैदा करना

178. छात्र अध्यापक के किस गुण के कारण उससे प्रभावित होते हैं-

(A) ज्ञान (B) नियमितता

(C) विषय वस्तु को समझाने की क्षमता (D) उपरोक्त सभी

179. हमारे देश में वैदिक काल में कौन-सी शिक्षा पद्धति प्रचलित थी -

(A) विद्यालय शिक्षा (B) विद्यापीठ शिक्षा

(C) गुरूकुल शिक्षा (D) परिषद् शिक्षा

180. प्राथमिक अध्यापक के लिए निम्न में से एक किसका अध्ययन सर्वाधिक महत्वपूर्ण है -

(A) कानून (B) बाल-मनोविज्ञान

(C) खगोल शास्त्र (D) सांख्यिकी

181. शिक्षक अपनी कक्षा में अच्छा अनुशासन रखने में सफल हो सकता है, यदि वह -

(A) बच्चों के प्रति हमेशा कड़ा व्यवहार करे

(B) बच्चों की इच्छा के अनुसार कार्य करे

(C) बच्चों के साथ विनम्र रहे, किन्तु दृढ़ भी रहे

(D) कभी - कभी बच्चों की जिद मान लिया करे

182. आपकी कक्षा में एक बुद्धिमान छात्र है, जो आपके समक्ष सदैव अपने ज्ञान का प्रदर्शन करता है। आप ऐसी स्थिति में क्या करेंगे -

(A) उसे उसकी रूचि के कुछ कार्य दे देंगे

(B) उसे कुछ ऐसे कार्य दे देंगे जो वह कर न सके

(C) उसे डाँटकर बैठा देंगे

(D) उसे कक्षा का नेतृत्व करने को दे देंगे

183. खेलों के माध्यम से सामाजिकता का विकास होता है, क्योंकि -

(A) बालक कल्पना करके खेलता है

(B) बालक अपनी बौद्धिक शक्ति का प्रयोग करता है

(C) बालक समूह में खेलता है जिससे अनेक सामाजिक गुणों का विकास होता है

(D) बालक स्वतन्त्र होकर खेलता है

184. स्कूल के वातावरण में निम्नलिखित में से किसका बुद्धि पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है -

(A) पाठ्यक्रम (B) पाठ्यक्रमेतर

(C) अनुशासन (D) उपरोक्त सभी

185. बालकों को सामाजिक व्यवहार की शिक्षा दी जाती है -

(A) कक्षा-शिक्षण के द्वारा

(B) पाठ्यक्रम द्वारा

(C) विद्यालय में सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के द्वारा

(D) टोली शिक्षण के द्वारा

186. शिक्षा मनोविज्ञान का अध्ययन अध्यापक को इसलिए करना चाहिए ताकि -

(A) इससे शिक्षक को आत्मसन्तुष्टि मिल सके

(B) इससे वह दूसरों को प्रभावित कर सके

(C) इससे वह अपनी परीक्षाओं में प्रथम आ सके

(D) इसकी सहायता से अपनी शिक्षण को अधिक प्रभावाशाली बना सके

187. शिक्षकों को बालकों में राष्ट्रीयता के विकास हेतु क्या करना चाहिये -

(A) राष्ट्रीय वेशभूषा धारण करनी चाहिये

(B) राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिये

(C) विद्यालय में राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आयोजित करना चाहिए

(D) राष्ट्रीयता के विरोधी तत्वों का दमन करना चाहिए

188. प्राइमरी स्तर पर छात्रों को मातृभाषा में पढ़ाना बेहतर होता है क्योंकि इससे -

(A) बच्चों की पढ़ाई स्वाभाविक वातावरण में होती है

(B) आगे चल कर नौकरी मिलने की संभावना बढ़ जाती है

(C) बच्चों की बुद्धि का तेजी से विकास हो सकता है

(D) बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है

189. बालक के सामाजिक विकास में सबसे महत्वपूर्ण कारक कौनसा है -

(A) जाति भेद (B) आनुवांशिकता

(C) वातावरण

(D) आनुवांशिकता तथा वातावरण

190. संकोची और शर्मीले छात्रों को कक्षा के शिक्षण-कार्य में भाग लेने की प्रेरणा देने का उपाय यह है कि -

(A) उनको गृह-कार्य से मुक्त रखा जाए

(B) उनको कक्षा में अपनी रूचि के विषय पर कुछ बताने को प्रोत्साहित किया जाए

(C) यदि वे किसी प्रश्न का उत्तर न दे सकें, तो उन्हें शर्मिन्दा किया जाए

(D) उनको विशेष स्नेह दिया जाए

191. छोटे बच्चे बहुत क्रियाशील होते हैं। अध्यापक उनके लिए क्या करेंगे-

(A) उनकी क्रियाशीलता को कम करने की कोशिश करेंगे

(B) उनकी क्रियाशीलता का अध्ययन करेंगे

(C) उनकी क्रियाशीलता का रोकेंगे

(D) उनकी क्रियाशीलता की सहायता से उन्हें कुछ उपयोगी शिक्षा देंगे-

https://www.freshersnow.com/entrance-exams/

192. कक्षा में अनुशासन सुधारने की दृष्टि से अध्यापक को क्या करना सर्वोतम होगा-

(A) अध्यापक छात्रों को पढ़ाइ जाने वाली विषय वस्तु, पढ़ाने की विधि और छात्रों के प्रति अपने दृष्टिकोण का मूल्यांकन करे

(B) कक्षा के छात्रों की सहमति से अनुशासनहीनता के लिए दिये जाने वाले दण्ड का प्रकार/उसकी मात्रा निर्धारित करे

(C) इस समस्या पर विचार करने हेतु अभिभावकों को बुलाकर बात करे

(D) अनुशासनहीन छात्रों के नाम प्रधानाध्यापक के पास भेज दे

193. जो छात्र रटते हैं उनमें-

(A) बुद्धि का विकास नहीं हो पाता

(B) इस बात का विवेक नहीं होता कि क्या जरूरी है और क्या गैर-जरूरी है

(C) उनमें मौलिक चिंतन की शक्ति पैदा नहीं होती

(D) उनके लिए परीक्षा पास कर पाना कठिन नहीं होता

194. कठिन शब्दों का अर्थ समझने का व्यावहारिक ढंग है-

(A) उनका पर्यायवाची शब्द बताना

(B) उनका विलोम शब्द बताना

(C) उनको वाक्य में प्रयोग करना सिखाना

(D) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

195. अध्यापक बनने के लिए टीचर्स ट्रेनिंग क्यों जरूरी है -

(A) इस काम के लिए इस परीक्षा का पास करना जरूरी है

(B) इस ट्रेनिंग से अध्यापक को मान्यता मिलती है

(C) इस ट्रेनिंग से उसे कक्षा-शिक्षण के मूल/आवश्यक सिद्धान्तों का ज्ञान हो जाता है

(D) इस ट्रेनिंग से अध्यापक की अभिरूचि का पता लगाता है

196. बच्चों के खाली समय में आप उन्हें-

(A) खेलने देंगे

(B) किताबें पढ़ाएँगे

(C) शांत बैठने के लिए कहेंगे

(D) उन्हें उनकी पसंद का कार्य करने देंगे

197. नेतृत्व की भावना का विकास करने हेतु-

(A) उदाहरण द्वारा स्पष्ट करेंगे

(B) उस पर गोष्ठी कराएँगे

(C) स्वयं विद्यालय में नेतृत्व सम्बंधी कार्य करेंगे

(D) नेतृत्व पर भाषण कराएँगे

198. छात्रों के साथ व्यवहार करते समय उचित है -

(A) उपयुक्त दूरी और गरिमा बनाते हुए उनकी भावनाओं का सम्मान करना

(B) लोकप्रिय बने रहने की चेष्टा करना

(C) अनुशासन में कभी ढील न बरतना

(D) उन्हें बराबर मानकर उनका आदर करना

199. 'एक अच्छा शिक्षक जीवन पर्यन्त विद्यार्थी बना रहता है।' इस कथन का अभिप्राय है -

(A) अध्यापक का मस्तिषक कभी परिपक्व नहीं होता है

(B) अध्यापन के साथ वह अध्ययन भी जारी रखता है

(C) विद्यार्थी की भाँति वह सादा जीवन ही बिताता है

(D) वह सदा ही विद्यार्थियों के बीच घिरा रहता है

200. पूर्व प्राथमिक स्तर पर महिलाओं का शिक्षण कार्य करना अच्छा होता है, क्योंकि वे -

(A) बच्चों की देखरेख माँ की तरह कर सकती है

(B) देखने में सुन्दर होती है

(C) समय की पाबन्द होती है

(D) सम्भाषण में मधुर होती है

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1-(D) | 2-(D) | 3-(D) | 4-(C) | 5-(A) | 6-(B) | 7-(D) | 8-(C) | 9-(A) | 10-(C) |
| 11-(A) | 12-(C) | 13-(D) | 14-(A) | 15-(C) | 16-(D) | 17-(C) | 18-(B/C) | 19-(C) | 20-(B) |
| 21-(D) | 22-(B) | 23-(D) | 24-(A) | 25-(C) | 26-(B) | 27-(B) | 28-(C) | 29-(A) | 30-(C) |
| 31-(D) | 32-(C) | 33-(B) | 34-(D) | 35-(A) | 36-(D) | 37-(B) | 38-(C) | 39-(A) | 40-(D) |
| 41-(C) | 42-(A) | 43-(B) | 44-(D) | 45-(C) | 46-(D) | 47-(A) | 48-(C) | 49-(A) | 50-(C) |
| 51-(A) | 52-(B) | 53-(A) | 54-(C) | 55-(C) | 56-(A) | 57-(D) | 58-(C) | 59-(B) | 60-(A) |
| 61-(B) | 62-(C) | 63-(D) | 64-(D) | 65-(A) | 66-(B) | 67-(C) | 68-(A) | 69-(B) | 70-(C) |
| 71-(B) | 72-(A) | 73-(B) | 74(D) | 75-(A) | 76-(A) | 77-(D) | 78-(A) | 79-(C) | 80-(A) |
| 81-(C) | 82-(B) | 83(C) | 84-(D) | 85-(B) | 86-(D) | 87-(C) | 88-(B) | 89-(C) | 90-(A) |
| 91-(A) | 92-(C) | 93-(C) | 94-(B) | 95-(C) | 96-(B) | 97-(A) | 98-(D) | 99-(B) | 100-(B) |
| 101-(B) | 102-(A) | 103-(B) | 104-(A) | 105-(D) | 106-(A) | 107-(D) | 108-(B) | 109-(A) | 110-(B) |
| 111-(D) | 112-(C) | 113-(B) | 114-(A) | 115-(C) | 116-(A) | 117-(B) | 118-(C) | 119-(A) | 120-(C) |
| 121-(A) | 122-(C) | 123-(B) | 124-(A) | 125-(B) | 126-(D) | 127-(C) | 128-(B) | 129-(A) | 130-(B) |
| 131-(C) | 132-(B) | 133-(D) | 134-(C) | 135-(A) | 136-(B) | 137-(A) | 138-(A) | 139-(C) | 140-(A) |
| 141-(A) | 142-(A) | 143-(B) | 144-(A) | 145-(C) | 146-(B) | 147-(C) | 148-(D) | 149-(B) | 150-(D) |
| 151-(B) | 152-(D) | 153-(B) | 154-(B) | 155-(A) | 156-(B) | 157-(D) | 158-(A) | 159-(D) | 160-(C) |
| 161-(C) | 162-(A) | 163-(A) | 164-(C) | 165-(A) | 166-(C) | 167-(B) | 168-(D) | 169-(C) | 170-(A) |
| 171-(C) | 172-(D) | 173-(A) | 174-(D) | 175-(C) | 176-(B) | 177-(C) | 178-(D) | 179-(C) | 180-(B) |
| 181-(C) | 182-(D) | 183-(C) | 184-(A) | 185-(C) | 186-(D) | 187-(C) | 188-(A) | 189-(C) | 190-(B) |
| 191-(D) | 192-(A) | 193-(C) | 194-(A) | 195-(C) | 196-(D) | 197-(C) | 198-(A) | 199-(B) | 200-(A) |